<u>आकाशवाणी गोरखपुर</u>
<u>प्रादेशिक समाचार</u>

<u>दिनांक–05 जून 2025</u> **7:20 AM**

**पहले मुख्य समाचार।**

- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोलहवें केंद्रीय वित्त आयोग के सदस्यों के साथ की बैठक, केंद्रीय करों में राज्य की हिस्सेदारी इकतालिस प्रतिशत से बढ़ा कर पचास प्रतिशत करने की मांग की।
- सरकार ने वर्ष दो हजार सत्ताइस में दो अलग अलग चरणों में जनगणना के साथ साथ जाति गणना कराने का लिया फैसला।
- अयोध्या में राम दरबार और अन्य मंदिरों में देवी देवताओं की मूर्तियों में आज होगी प्राण प्रतिष्ठा, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बनेंगे समारोह का हिस्सा।
- तत्काल टिकट के लिए ई आधार प्रमाणीकरण शुरू करेगी भारतीय रेलवे, आसानी से कंफर्म टिकट पा सकेंगे रेलयात्री।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल सोलहवें केंद्रीय वित्त आयोग के सदस्यों के साथ बैठक की। इस दौरान उन्होंने प्रदेश सरकार की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला और राज्य सरकार की मांगों को लेकर आयोग को एक मांग पत्र भी सौंपा है। इसमें केंद्रीय करों में राज्य की हिस्सेदारी को 41 प्रतिशत से बढ़ाकर 50 प्रतिशत करने की मांग की गई है। प्रदेश के वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने बताया कि सरकार ने विशेष विकास योजनाओं के लिए स्पेशल फंड डीडीए दिए जाने की मांग भी उठाई है।

***उत्तर प्रदेश माननीय मुख्यमंत्री जी ने विशेष रूप से प्रदेश के लिए जो मांग की है वो खासतौर से सारे स्टेट्स के लिए जो अभी तक इकतालीस पर्सेंट शेयर मिलता है उसके स्थान पर पचास पर्सेंट मिलना चाहिए और साथ ही साथ उत्तर प्रदेश को केंद्रीय करों में किसी भी हालत में हमें बीस परसेंट से कम न मिले। यही हमारी मांग है।***

केंद्रीय वित्त आयोग के अध्यक्ष डॉ. अरविंद पनगढ़िया ने प्रदेश की प्रमुख मांगों के विषय में जानकारी देते हुए कहा कि राज्य ने इनकम डिस्टेंस क्राइटेरिया 45 प्रतिशत, भौगोलिक क्षेत्रफल 15 प्रतिशत से घटाकर 10 प्रतिशत, जनसंख्या 15 प्रतिशत से बढ़ाकर 22 दशमलव 5 प्रतिशत, जनसांख्यिकीय प्रदर्शन 12 दशमलव 5 प्रतिशत से घटाकर 7 दशमलव 5 प्रतिशत, वन 10 प्रतिशत से घटाकर 5 प्रतिशत करने समेत अन्य मांगें आयोग के समक्ष रखी हैं।

डॉ. अरविंद पनगढ़िया ने बताया कि बैठक के दौरान प्रदेश सरकार ने उत्तर प्रदेश के विकास और सुधार के लिए उठाए जा रहे कदमों का ब्यौरा पेश किया, जिसकी आयोग ने सराहना की।

***मैंने भी यूपी के विषय में पढ़ा है बहुत सारे रिफॉर्म अच्छे अच्छे रिफॉर्म यूपी ने किए है कुछ चल रहे हैं और जो किए जा सकते हैं। अभी जैसे यूपी ने एक निर्माण एक्ट करके पास किया है अभी उसका असर अगले चार पाँच साल में आएगा पर मैं समझता हूँ की वह एक ऐसा कदम है जो दूसरे राज्यों को भी उठाना चाहिए।***

**********

सरकार ने वर्ष 2027 में दो चरणों में जनगणना कराने का निर्णय लिया है। इसके साथ ही जाति गणना भी की जाएगी। एक रिपोर्ट–

***जनगणना से संबंधित अधिसूचना इस महीने की 16 तारीख को आधिकारिक राजपत्र में प्रकाशित होने की संभावना है। अधिसूचना जारी होने के साथ ही जनगणना की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। इससे पहले ये जनगणना 2021 में दो चरणों में आयोजित होनी थी, लेकिन देशभर में कोविड महामारी के प्रकोप के कारण जनगणना का काम स्थगित करना पड़ा था। भारतीय जनगणना की यह प्रक्रिया दुनिया की सबसे बड़ी प्रशासनिक और सांख्यिकीय प्रक्रिया में से एक है। इस जनगणना के जरिए देश की आर्थिक, सांस्कृतिक और सामाजिक स्थिति का बेहतर जानकारी सामने आएगी। इस जानकारी के आधार पर सरकार को लोगों के सामाजिक और आर्थिक उत्थान के लिए बेहतर नीति बनाने में मदद मिलेगी। सुपर्णा सैकिया के साथ, आनंद कुमार, आकाशवाणी समाचार, दिल्ली।***

**********

भारत में सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के सिद्धांतों से प्रेरित होकर एक दशक में महत्वपूर्ण परिवर्तन हुआ है। आकाशवाणी समाचार आपके लिए पिछले 11 वर्षों में प्रमुख क्षेत्रों में सरकार के प्रयासों पर विशेष फीचर लेकर आया है। इसी कड़ी में आज, हम शिक्षा और खेल पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं– जो भारत की अमृत पीढी – युवा पीढ़ी को सशक्त बनाने की कुंजी है। एक रिपोर्ट

***भारत सरकार शिक्षा और खेल के माध्यम से भविष्य के सपनों की नींव रख रही है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत, सरकार का लक्ष्य 2030 तक प्रीस्कूल से माध्यमिक स्तर तक 100 प्रतिशत नामांकन और 2035 तक उच्च शिक्षा में 50 प्रतिशत नामांकन प्राप्त करना है। 2014 से, उच्च शिक्षा संस्थानों की संख्या 51,000 से बढ़कर 70,000 से अधिक हो गई है, जिसमें आईआईटी, आईआईएम और***

*एम्स में प्रमुख विस्तार हुआ है। पीएम श्री योजना 14,500 स्कूलों को अपग्रेड कर रही है, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, समग्र विकास और 21वीं सदी के कौशल पर ध्यान केंद्रित कर रही है, साथ ही पड़ोसी स्कूलों के लिए संरक्षक संस्थान के रूप में भी काम कर रही है।*

*शिक्षा के साथ–साथ खेल भी राष्ट्रीय प्राथमिकता के रूप में उभरे हैं। खेलो इंडिया अभियान के तहत 1,000 से ज़्यादा प्रशिक्षण केंद्र खोले गए हैं और 3,000 युवा एथलीटों को सालाना 6.28 लाख रुपए की मदद मिलती है। टारगेट ओलंपिक पोडियम स्कीम (ज्व्पै) भारत के शीर्ष एथलीटों को प्रशिक्षण, उपकरण और अंतरराष्ट्रीय प्रदर्शन के साथ मदद करती है। ये प्रयास रंग ला रहे हैं, भारत ने पिछले दो ओलंपिक में 13 पदक जीते और पेरिस पैरालिंपिक में रिकॉर्ड तोड़ 29 पदक जीते। आकाशवाणी समाचार कक्ष से मैं वेद प्रकाश पाठक*

**********

आतंकवाद के खिलाफ भारत के सैद्धांतिक और दृढ़ रुख का संदेश लेकर गए सात सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडलों में से पांच प्रतिनिधिमंडल अलग–अलग देशों की सफल यात्रा पूरी कर भारत लौट आए । राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी सांसद सुप्रिया सुले के नेतृत्व में सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल ने चार देशों की सफल यात्रा के बाद कल भारत लौटने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को धन्यवाद दिया।

**********

अयोध्या में राम दरबार और अन्य मंदिरों में स्थापित देवी देवताओं की मूर्तियों में आज प्राण प्रतिष्ठा होगी। इससे संबंधित धार्मिक अनुष्ठान कल भी जारी रहे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बतौर मुख्य अतिथि आज प्राण प्रतिष्ठा समारोह में हिस्सा लेंगे। वह करीब दो घंटे तक श्रीराम मंदिर परिसर में रहेंगे। मुख्यमंत्री रामकथा पार्क भी जाएंगे और वहां अयोध्या नगर निगम के दो साल पूरे होने के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होंगे। हमारे प्रतिनिधि ने बताया कि मुख्यमंत्री श्रीरामलला और हनुमानगढ़ी का दर्शन करेंगे और मणिरामदास छावनी पहुंच कर महंत नृत्य गोपाल दास के जन्मोत्सव में भी शामिल होंगे। वह हेलीपैड के पास बनी पुष्प वाटिका भी देखेंगे।

**********

रेलवे शीघ्र ही तत्काल टिकट के लिए ई आधार प्रमाणीकरण प्रक्रिया शुरू करेगी। यह जानकारी रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने एक सोशल मीडिया पोस्ट के जरिये दी। उन्होंने बताया कि ऐसा करने से वास्तविक उपयोगकर्ताओं को आवश्यकता पड़ने पर कंफर्म टिकट मिलने में मदद होगी। इस बीच, एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए भारतीय रेलवे ने अनधिकृत बुकिंग के लिए ढाई करोड़ संदिग्ध उपयोगकर्ता आईडी को निष्क्रिय कर दिया है। रेल मंत्रालय ने कहा है कि नई आधुनिक तकनीक के माध्यम से एजेंटों के अनाधिकृत स्वचालित बुकिंग पर बहुत हद तक अंकुश लगाया गया है।

**********

प्रदेश में विकसित कृषि संकल्प अभियान में अब तक करीब सात लाख से अधिक किसान शामिल हो चुके हैं। इसी क्रम में बांदा के बिगहना गांव में कल कृषि विशेषज्ञों ने किसानों के साथ संवाद किया। कार्यक्रम में मौजूद सहायक नोडल अधिकारी रामानन्द साहू ने बताया कि इस अभियान के तहत एक दिन में तीन ग्राम पंचायतों में कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है।

**********

आज पूरे प्रदेश में गंगा दशहरा का पर्व मनाया जा रहा है। इस मौके पर प्रदेश की अलग अलग पवित्र नदियों में श्रद्धालु स्नान कर पूजा अर्चना कर रहे हैं। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए सुरक्षा के कड़े प्रबंध किये गये हैं। अमरोहा जिले के गंगा धाम तिगरी में श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए घाटों पर गोताखोर तैनात किये गये हैं। हापुड़ के प्रसिद्ध तीर्थस्थल गढ़मुक्तेश्वर बृजघाट पर भी आ रहे लाखों श्रद्धालुओं के लिए विशेष व्यवस्था की गई है।

**********

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर प्रदेश के सभी सरकारी अस्पतालों में भी कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। प्रमुख सचिव चिकित्सा स्वास्थ्य और परिवार कल्याण पार्थ सारथी सेन शर्मा ने बताया कि प्रदेश के सभी जिला अस्पतालों और आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में योग दिवस पर आयोजन होंगे।

**********